# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 28.5.25 | 3 | 1-4 |


• एचएयू में 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रहीं : प्रो.काम्बोज

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में सोमवार को 22वां वार्षिक पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा छात्राएं शिक्षा के साथ समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कुलपति ने कहा विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर मेहनत करनी चाहिए। शिक्षा किसी भी क्षेत्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने रक्तदान, स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन और मतदान जागरूकता जैसे कार्यों में भाग लेकर जिम्मेदारी निभाई है। कुलपति ने 2021 से 2024 तक की कॉलेज रिपोर्ट का विमोचन किया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में शैक्षा व खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी और देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपनी प्रतिभा दिखाई।




## कार्यक्रम में इन छात्राओं को किया गया सम्मानित

समारोह में बीएससी (चार वर्ष) की श्वेता त्रिपाठी, वैशाली, रागिनी कुमारी, ममता कुमारी, किस्मत, मुस्कान सरावगी, आस्था, दीक्षा बामल, नैन्सी, गीता रानी, अंजलि, रिंकी, किरण, उपासना, खुशी वर्मा, अव्वल, आकांक्षा कुमारी और खुशी को सम्मानित किया। बीएससी (छह वर्ष) की शर्मिला और सुदीक्षा को पुरस्कार मिला। एमएससी में यशवी, ज्योति, मानसी, मीनू, भावना, जागृति भंडारी और आरती को सम्मान मिला। पीएचडी में अन्नु, शिखा भुक्कल, एकता मलकानी, सोनिया, मधु प्रिया, सिमरन रानी, वर्तिका श्रीवास्तव, सीमा चौहान और रवीना को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। खेल, एनसीसी, एनएसएस और सांस्कृतिक गतिविधियों में शीतल, रितिका, प्रीत गिल, पूजा, योगिता, निशा, नेहा, दिव्या शर्मा आदि को सम्मानित किया।

## रंग रंगीलो देश है म्हारो पर जमकर थिरके विद्यार्थी

22वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के उपलक्ष में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थानी डांस में रंग रगीलों देश है म्हारो, सौ रंग है देश मा। करया थारी आव भगत, पधारों म्हारे प्रदेश मा पर अपनी प्रस्तुति दी। हरियाणवी नृत्य में छात्राओं ने अड़े दूध दही का खाणा अर टयूबवैल नीचे का नहाणा रोटियो गेल टिंडी घी, नून मिर्च अर लासी का गटकाणा साची जाणो तो यो ही सै, म्हारा देशी हरियाणा पर अपनी प्रस्तुति दी। पंजाबी गिदा पर छात्राओं ने सुन नी कुडिये नचन बलिये, नचदी ना शर्माये हुन गिदा हाजिर है, तौडी कचेरी विच ताडी मार के स्वागत करो ऐनादा पंजाबना पर अपनी प्रस्तुति दी। पहलगाम घटना पर आधारित एक नाटक का आयोजन किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 28.5.25 | 4 | 2-5 |


# समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रहीं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 22वां पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

जागरण संवाददाता • हिसार : हकृवि के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम देश में ही बल्कि विदेशों में रोशन किया है। हमारे विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराया है। यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने आइसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि कही। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहलगाम घटना पर आधारित नाटक का मंचन किया गया।

कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना भविष्य उज्जवल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। किसी भी क्षेत्र की प्रगति में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर निरन्तर मेहनत करने और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत की बदौलत लगातार नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय को शिखर पर ले जाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर और अधिक मेहनत के साथ कार्य करने की जरूरत है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षा के प्रचार-प्रसार की अहम् भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठा कर समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। कुलपति ने कार्यक्रम में वर्ष 2021-2024 की




हकृवि में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं • जागरण

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बीना यादव ने समारोह में सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 में स्नातक व स्नातकोत्तर एवं एनसीसी, एनएसएस तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी तथा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष, डा. किरण सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन साक्षी मलिक, किरण, पूजा व रिंकी ने किया।




विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज • जागरण

### समारोह में इन विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

समारोह में बीएससी (चार वर्ष) की मेधावी, श्वेता त्रिपाठी, वैशाली, रागिनी कुमारी, ममता कुमारी, किस्मत, मुस्कान सरावगी, आस्था, दीक्षा बामल, नैन्सी, गीता रानी, अंजलि, रिंकी, किरण, उपासना, खुशी वर्मा, अव्वल, आकांक्षा कुमारी व खुशी जबकि बीएससी (छह वर्ष) की शर्मिला, व सुदीक्षा को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार एमएससी में यशवी, ज्योति, मानसी, मीनू, भावना, जागृति भंडारी व आरती पुरस्कार प्रदान किया गया। पीएचडी में अन्नु, शिखा भुक्कल, एकता मलकानी, सोनिया, मधु प्रिया, सिमरन रानी, वर्तिका श्रीवास्तव, सीमा चौहान व रवीना को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। अन्य गतिविधियों के लिए शीतल, रितिका, प्रीत गिल, पूजा, योगिता, निशा, नेहा, दिव्या शर्मा, वर्षा राव, भावना, सुनैना, नेहा, साक्षी, रियां, विधि व खुशबू को भी पुरस्कृत किया गया।

हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28.5.25 | 12 | 2-8 |

### हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रही : प्रो. काम्बोज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**

हकृवि के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम देश में ही बल्कि विदेशों में रोशन किया है। हमारे विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराया है। ये विचार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहें। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठा कर समाज के उत्थान में अग्राणी भूमिका निभा रही हैं। कुलपति ने कार्यक्रम में वर्ष 2021-2024 की कॉलेज रिपोंट का भी विमोचन किया।







हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं व छात्रा को पुरस्कृत करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज। फोटो :हरिभूमि

## डॉ. यादव ने पेश की रिपोर्ट

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने समारोह में सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 में स्नातक व स्नातकोत्तर एवं एनसीसी, एनएसएस तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष, डॉ. किरण सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन साक्षी मलिक, किरण, पूजा व रिंकी ने किया। समारोह में बीएससी (चार वर्ष) की मेधावी, श्वेता त्रिपाठी, वैशाली, रागिनी कुमारी, ममता कुमारी, किस्मत, मुस्कान सरावगी, आस्था, दीक्षा बामल, नैन्सी, गीता रानी, अंजलि, रिंकी, किरण, उपासना, खुशी वर्मा, अव्वल, आकांक्षा कुमारी व खुशी जबकि बीएससी (छः वर्ष) की शर्मिला, व सुदीक्षा को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार एमएससी में यशवी, ज्योति, मानसी, मीनू, भावना, जागृति भंडारी व आरती पुरस्कार प्रदान किया गया। पीएचडी में अन्नु, शिखा भुक्कल, एकता मलकानी, सोनिया, मधु प्रिया, सिमरन रानी, वर्तिका श्रीवास्तव, सीमा चौहान व रवीना को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं खेलो, एनसीसी, एनएसएस व सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों के लिए शीतल, रितिका, प्रीत गिल, पूजा, योगिता, निशा, नेहा, दिव्या शर्मा, वर्षा राव, भावना, सुनैना, नेहा, साक्षी, रिया, विधि व खुशबू को भी पुरस्कृत किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

पुरस्कार वितरण समारोह के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ कर भाग लिया। राजस्थानी डांस में रंग रगीलों देश् है म्हारो, सौ रंग है देश मा। करया थारी आव भगत, पधारों म्हारे प्रदेश मा पर अपनी प्रस्तुति दी। हरियाणवी नृत्य में छात्राओं ने अडे दूध दही का खाणा अर टयूबवेल नीचे का नहाणा, रोटियां गेल टिंडी घी, नून मिर्च अर लासी का गटकाणा साची जाणो तो यो ही सै, म्हारा देशी हरियाणा पर अपनी प्रस्तुति दी। पंजाबी गिदा पर छात्राओं ने सुन नी कुडिये नचन बलिये, नचदी ना शर्माये हुन गिदा हाजिर है, तौडी कचेरी विच ताडी मार के स्वागत करो ऐनादा पंजाबना पर अपनी प्रस्तुति दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 28.5.25 | 4 | 1-6 |

# सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रही : प्रो. काम्बोज




सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं व छात्रा को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

हिसार, 27 मई (ब्यूरो): हकृवि के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम देश में ही बल्कि विदेशों में रोशन किया है। हमारे विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराया है।

ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आई.सी. सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22 वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहें। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। किसी भी क्षेत्र की प्रगति में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर निरन्तर मेहनत करने और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का भी आह्वान किया। कुलपति ने कार्यक्रम में वर्ष 2021-2024 की कॉलेज रिपोर्ट का भी विमोचन किया।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने समारोह में सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 में स्नातक व स्नातकोत्तर एवं एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंच का संचालन साक्षी मलिक, किरण, पूजा व रिंकी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### समारोह में इन विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

समारोह में बी.एस.सी. (चार वर्ष) की मेधावी, श्वेता त्रिपाठी, वैशाली, रागिनी कुमारी, ममता कुमारी, किस्मत, मुस्कान सरावगी, आस्था, दीक्षा बामल, नैन्सी, गीता रानी, अंजलि, रिंकी, किरण, उपासना, खुशी वर्मा, अव्वल, आकांक्षा कुमारी व खुशी जबकि बी.एस.सी. (छः वर्ष) की शर्मिला, व सुदीक्षा को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार एम.एस.सी. में यशवी, ज्योति, मानसी, मीनू, भावना, जागृति भंडारी व आरती पुरस्कार प्रदान किया गया। पीएच.डी में अन्नु, शिखा भुक्कल, एकता मलकानी, सोनिया, मधु प्रिया, सिमरन रानी, वर्तिका श्रीवास्तव, सीमा चौहान व रवीना को उनके उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं खेलो, एन.सी.सी., एन.एस.एस. व सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों के लिए शीतल, रितिका, प्रीत गिल, पूजा, योगिता, निशा, नेहा, दिव्या शर्मा, वर्षा राव, भावना, सुनैना, नेहा, साक्षी, रिया, विधि व खुशबू को भी पुरस्कृत किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के उपलक्ष में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थानी डांस में रंग रगीलों देश है म्हारो, सौ रंग है देश मा। करया थारी आव भगत, पधारों म्हारे प्रदेश मा पर अपनी प्रस्तुति दी। हरियाणवी नृत्य में छात्राओं ने अडे दूध दही का खाणा अर टयूबवैल नीचे का नहाणा रोटियां गेल टिंडी घी, नून मिर्च अर लासी का गटकाणा साची जाणो तो यो ही सै, म्हारा देशी हरियाणा पर अपनी प्रस्तुति दी। पंजाबी गिद्दा पर छात्राओं ने सुन नी कुडिये नचन बलिये, नचंदी ना शर्माये हुन गिदा हाजिर है, तौडी कचेरी विच ताडी मार के स्वागत करो ऐनादा पंजाबना पर अपनी प्रस्तुति दी। पहलगाव घटना पर आधारित एक नाटक का आयोजन किया गया।

## हकृवि की विकसित कृषि संकल्प अभियान में रहेगी अहम भागीदारी : प्रो. काम्बोज

### हकृवि के वैज्ञानिक प्रदेशभर के 128 खंडों, 2584 गांवों के किसानों से सीधा संवाद करेंगे

हिसार, 27 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में ट्टविकसित कृषि संकल्प अभियानट्ट के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की।

वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से 21 कृषि विज्ञान केन्द्रों के समन्वयकों व विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से इस बैठक में शिरकत की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गठित वैज्ञानिक टीमों, रूट मैप के तहत दौरा किए जाने वाले ब्लाक एवं गांवों की संख्या, रणनीति, प्रचार-प्रसार सामग्री, अन्य विभागों के साथ तालमेल आदि की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मण्डल ने बताया कि इस अभियान के तहत हकृवि के 21 कृषि विज्ञान केंद्र बढ-चढ कर हिस्सा लेंगे, विश्वविद्यालय के विस्तार विशेषज्ञ प्रदेशभर के 128 खंडों, 2584 गांवों का दौरा करेंगे, इसके लिए प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र में 53 वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है तथा उनका रूट मैप भी निर्धारित किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28.5.25 | 4 | 7-8 |

## म्हारा देसी हरियाणा पर छात्राओं ने दी प्रस्तुति




एचएयू में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। स्रोत : संस्थान

**हिसार।** हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में मंगलवार को 22वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान रंग रगीलो देश है म्हारो पर छात्राओं ने राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत किया। हरियाणवी गीत दूध दही का खाणा, यो म्हारा देसी हरियाणा और पंजाबी गिदा सुन नी कुड़िये नचन बलिये पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा पहलगाम घटना पर आधारित एक भावनात्मक नाटक ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28.5.25 | 4 | 7-8 |

# विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विवि का नाम रोशन किया : प्रो. कांबोज



कुलपति प्रो. बीआर कांबोज विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। स्रोत : संस्थान

## एचएयू के आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

संवाद न्यूज एजेंसी

**हिसार।** एचएयू के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रोशन किया है।

हमारे विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराया है।

ये बात चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने समारोह में सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 व 2023-24 में स्नातक व स्नातकोत्तर एवं एनसीसी, एनएसएस तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 28.5.25 | 2 | 3-4 |


## किसानों से सीधा संवाद करेंगे एचएयू के वैज्ञानिक

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत समीक्षा बैठक कुलपति प्रो. बीआर कांबोज की अध्यक्षता में हुई। प्रो. कांबोज ने बताया इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 29 मई से 12 जून तक प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में 700 जिलों में 2000 वैज्ञानिकों का दल देशभर में 1.5 करोड़ से अधिक किसानों के साथ सीधा संवाद करेंगे।

अभियान के तहत एचएयू के 21 कृषि विज्ञान केंद्र हिस्सा लेगें, विश्वविद्यालय के विस्तार विशेषज्ञ प्रदेशभर के 128 खंडों, 2584 गांवों का दौरा करेंगे। इसके लिए प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र में 53 वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है और उनका रूट मैप भी निर्धारित किया है। इस दौरान 21 कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारियों ने शिरकत की। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 28.5.25 | 5 | 1-3 |

## सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभा रहीं : प्रो. काम्बोज

### हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

हिसार, 27 मई (विरेन्द्र वर्मा): हकृवि के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम देश में ही बल्कि विदेशों में रोशन किया हैं। हमारे विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराया है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहें। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना भविष्य उज्जवल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। किसी भी क्षेत्र की प्रगति में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर निरन्तर मेहनत करने और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत की बदौलत लगातार नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय को शिखर पर ले जाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर और अधिक मेहनत के साथ कार्य करने की जरूरत है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षा के प्रचार-प्रसार की अहम् भूमिका रहेगी। कुलपति ने कार्यक्रम में वर्ष 2021-2024 की कॉलेज रिर्पोट का भी विमोचन किया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने समारोह में सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 तथा 2023-24 में स्नातक व स्नातकोत्तर एवं एनसीसी, एनएसएस तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी तथा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष, डॉ. किरण सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 28.5.25 | 3 | 3-5 |

दैनिक भास्कर

# हकृवि के वैज्ञानिक 2584 गांवों के किसानों से करेंगे सीधा संवाद

भास्कर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा कृषि विवि (हकृवि) में विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की। वीडियो कांफ्रेंसिंग से 21 कृषि विज्ञान केंद्रों के समन्वयकों व विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधिकारी शामिल हुए। कुलपति ने अभियान की तैयारी की समीक्षा की। काम्बोज ने निर्देश दिए कि अभियान में ड्रोन दीदी, प्रगतिशील किसान, पद्मश्री व सम्मानित कृषि विशेषज्ञों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अभियान के प्रभाव का वैज्ञानिक अध्ययन करने को सर्वे के आदेश दिए। इसमें किसानों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति व कृषि पद्धतियों का अध्ययन किया जाएगा। यह राष्ट्रव्यापी अभियान 29 मई से 12 जून तक चलेगा। पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में 2000 वैज्ञानिकों की टीम देश के 700 जिलों में 1.5 करोड़ से ज्यादा किसानों से सीधा संवाद करेगी।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि हकृवि के 21 कृषि विज्ञान केंद्र अभियान में सक्रिय भागीदारी करेंगे। विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ प्रदेश के 128 खंडों और 2584 गांवों का दौरा करेंगे। इसके लिए हर केंद्र में 53 वैज्ञानिक दल बनाए गए हैं। उनका रूट मैप तय कर दिया गया है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 28.5.25 | 12 | 7-8 |

# हकृवि की विकसित कृषि संकल्प अभियान में रहेगी अहम भागीदारी: प्रो. काम्बोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से 21 कृषि विज्ञान केन्द्रों के समन्वयकों व विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से इस बैठक में शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गठित वैज्ञानिक टीमों, रूट मैप के तहत दौरा किए जाने वाले ब्लाक एवं गांवों की संख्या, रणनीति, प्रचार-प्रसार सामग्री, अन्य विभागों के साथ तालमेल आदि की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रो. काम्बोज ने बताया कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 29 मई से 12 जून तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में देश के 700 जिलों में 2000 वैज्ञानिकों का दल देशभर में 1.5 करोड़ से अधिक किसानों के साथ सीधा संवाद करेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस अभियान के तहत हकृवि के 21 कृषि विज्ञान केन्द्र बढ-चढ कर हिस्सा लेगें, विश्वविद्यालय के विस्तार विशेषज्ञ प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों का दौरा करेगें।

**हकृवि के वैज्ञानिक प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों के किसानों से सीधा संवाद करेंगे**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 27.05.2025 | -- | -- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हकृवि के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय का नाम देश में ही बल्कि विदेशों में रोशन किया है। हमारे विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने समाज सेवा, अनुशासन, अनुसंधान, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराया है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के 22वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहें।

कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को अपना भविष्य उज्जवल बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। किसी भी क्षेत्र की प्रगति में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर निरन्तर मेहनत करने और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत की बदौलत लगातार नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी तथा देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष, डॉ. किरण सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 27.05.2025 | -- | -- |

# सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 22वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**चिराग टाइम्स न्यूज**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में मंगलवार को 22वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के उपलक्ष में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने बढ-चढ कर भाग लिया। राजस्थानी डांस में रंग रगीलों देश है म्हारो, सौ रंग है देश मा। करया थारी आव भगत, पधारों म्हारे प्रदेश मा पर अपनी प्रस्तुति दी। हरियाणवी नृत्य में छात्राओं ने अडे दूध दही का खाणा अर टयूबवैल नीचे का नहाणा रोटियाँ गेल टिंडी घी, नून मिर्च अर लासी का गटकाणा साची जाणो तो यो ही सै, म्हारा देशी हरियाणा पर अपनी प्रस्तुति दी।

पंजाबी गिदा पर छात्राओं ने सुन नी कुडिये नचन बलिये, नचदी ना शर्माये हुन गिदा हाजिर है, तौडी कचेरी विच ताडी मार के स्वागत करो ऐनादा पंजाबना पर अपनी प्रस्तुति दी। पहलगाव घटना पर आधारित एक नाटक का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने सभी को भोर विभोर कर दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 27.05.2025 | -- | -- |


# हकृवि के वैज्ञानिक प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों के किसानों से सीधा संवाद करेगें

**सिटीपल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में ट्टविकसित कृषि संकल्प अभियानट्ट के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। विडियों कांफेसिंग के माध्यम से 21 कृषि विज्ञान केन्द्रों के समन्वयकों व विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से इस बैठक में शिरकत की।


कुलपति प्रो. काम्बोज ने सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गठित वैज्ञानिक टीमों, रूट मैप के तहत दौरा किए जाने वाले ब्लाक एवं गांवों की संख्या, रणनीति, प्रचार-प्रसार सामग्री, अन्य विभागों के साथ तालमेल आदि की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अभियान में डऊोन दीदी, प्रगतिशील किसानों, पदमश्री एवं अन्य ख्याति प्राप्त पुरस्कारों से सम्मानित कृषि विशेषज्ञों एवं किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।अभियान के दौरान पडने वाले प्रभाव का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए उन्होनें एक सर्वेक्षण करने का भी आदेश दिया जिसके तहत किसानों की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक स्थिति, कृषि पद्धतियों इत्यादि का अध्ययन किया जाएगा। प्रो. काम्बोज ने बताया इस राष्टऊव्यापी अभियान के तहत 29 मई से 12 जून 2025 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में देश के 700 जिलों में 2000 वैज्ञानिकों का दल देशभर में 1.5 करोड़ से अधिक किसानों के साथ सीधा संवाद करेगें। इस अभियान के तहत किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं की जानकारी, किसानों की प्रतिक्रिया एवं कृषि में नवाचार, प्राकृतिक खेती, कृषि-डऊोन प्रोद्यौगिकी को बढ़ावा दिया जाएगा। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मण्डल ने बताया कि इस अभियान के विश्वविद्यालय के विस्तार विशेषज्ञ प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों का दौरा करेगें इसके लिए प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र में 53 वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 27.05.2025 | -- | -- |


# हकृवि की विकसित कृषि संकल्प अभियान में रहेगी अहम भागीदारी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि के वैज्ञानिक प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों के किसानों से सीधा संवाद करेगें



चिराग टाइम्स न्यूज
नई दिल्ली, । हिसार 27 मई

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 21 कृषि विज्ञान केन्द्रों के समन्वयकों व विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से इस बैठक में शिरकत की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गठित वैज्ञानिक टीमों, रूट मैप के तहत दौरा किए जाने वाले ब्लाक एवं गांवों की संख्या, रणनीति, प्रचार-प्रसार सामग्री, अन्य विभागों के साथ तालमेल आदि की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान के दौरान वितरित की जाने वाली प्रचार सामग्री में वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक तथ्यों की जानकारी देने पर जोर दिया। इस अभियान में ड्रोन दीदी, प्रगतिशील किसानों, पदमश्री एवं अन्य ख्याति प्राप्त पुरस्कारों से सम्मानित कृषि विशेषज्ञों एवं किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

अभियान के दौरान पड़ने वाले प्रभाव का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए उन्होंने एक सर्वेक्षण करने का भी आदेश दिया जिसके तहत किसानों की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक स्थिति, कृषि पद्धतियों इत्यादि का अध्ययन किया जाएगा। प्रो. काम्बोज ने बताया इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 29 मई से 12 जून 2025 तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में देश के 700 जिलों में 2000 वैज्ञानिकों का दल देशभर में 1.5 करोड़ से अधिक किसानों के साथ सीधा संवाद करेंगे।

इस अभियान के तहत किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं की जानकारी, किसानों की प्रतिक्रिया एवं कृषि में नवाचार, प्राकृतिक खेती, कृषि-ड्रोन प्रोद्यौगिकी को बढ़ावा दिया जाएगा।


विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मण्डल ने बताया कि इस अभियान के तहत हकृवि के 21 कृषि विज्ञान केन्द्र बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेगें, विश्वविद्यालय के विस्तार विशेषज्ञ प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों का दौरा करेंगे इसके लिए प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र में 53 वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है तथा उनका रूट मैप भी निर्धारित किया गया है। इस अभियान में विश्वविद्यालय के साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग, हरियाणा सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संयुक्त रूप से भागीदार रहेगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 27.05.2025 | -- | -- |

# हकृवि की विकसित कृषि संकल्प अभियान में रहेगी अहम भागीदारी: प्रो. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में ‍‍\'विकसित कृषि संकल्प अभियान\' के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 21 कृषि विज्ञान केन्द्रों के समन्वयकों व विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से इस बैठक में शिरकत की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा गठित वैज्ञानिक टीमों, रूट मैप के तहत दौरा किए जाने वाले ब्लाक एवं गांवों की संख्या, रणनीति, प्रचार-प्रसार सामग्री, अन्य विभागों के साथ तालमेल आदि की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान के दौरान वितरित की जाने वाली प्रचार सामग्री में वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक तथ्यों की जानकारी देने पर जोर दिया। इस अभियान में डजेन दीदी, प्रगतिशील किसानों, पद्मश्री एवं अन्य ख्याति प्राप्त पुरस्कारों से सम्मानित कृषि विशेषज्ञों एवं किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

अभियान के दौरान पड़ने वाले प्रभाव का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए उन्होंने एक सर्वेक्षण करने का भी आदेश दिया जिसके तहत किसानों की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक स्थिति, कृषि पद्धतियां इत्यादि का अध्ययन किया जाएगा। प्रो. काम्बोज ने बताया इस राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 29 मई से 12 जून 2025 तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में देश के 700 जिलों में 2000 वैज्ञानिकों का दल देशभर में 1.5 करोड़ से अधिक किसानों के साथ सीधा संवाद करेंगे। इस अभियान के तहत किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों, सरकारी योजनाओं की जानकारी, किसानों की प्रतिक्रिया एवं कृषि में नवाचार, प्राकृतिक खेती, कृषि-ड्रोन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दिया जाएगा।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मण्डल ने बताया कि इस अभियान के तहत हकृवि के 21 कृषि विज्ञान केन्द्र बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे, विश्वविद्यालय के विस्तार विशेषज्ञ प्रदेशभर के 128 खण्डों, 2584 गांवों का दौरा करेंगे इसके लिए प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र में 53 वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है तथा उनका रूट मैप भी निर्धारित किया गया है। इस अभियान में विश्वविद्यालय के साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग, हरियाणा सरकार तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संयुक्त रूप से भागीदार होगी।